राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र से पश्चिम बंगाल के राज्यपाल की मुलाकात

जयपुर, 9 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से पश्चिम बंगाल के राज्यपाल श्री जगदीप धनखड़ ने शनिवार को यहां राजभवन में मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

————

रामनवमी पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 9 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रामनवमी पर्व (10 अप्रैल) के मौके पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जन–जन के नायक और आराध्य हैं। उनके जीवन से हमें उच्च आदर्श, समर्पण, त्याग, सदाचार की सीख लेते हुए सद्गुणों को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रभु श्रीराम से सभी की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की है।

—————